प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

दिग्गज उद्योगपति दिवंगत रतन टाटा का आज शाम मुंबई में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा। उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शामिल होंगे। अभी अंतिम दर्शन के लिए श्री टाटा के पार्थिव शरीर को मुंबई स्थित एनसीपीए में रखा गया है, जहां शाम 4 बजे तक लोग उनके दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। गौरतलब है कि कल देर रात 86 वर्ष की आयु में रतन टाटा का मुंबई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।

****

रतन टाटा के निधन पर झारखंड में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गयी है। इधर ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा है कि उनका जाना न केवल उद्योग जगत, बल्कि संपूर्ण भारत के लिए अपूरणीय क्षति है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रतन टाटा के निधन पर शोक जताते हुए कहा है कि वह एक असाधारण इंसान थे। उनका जाना उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका सम्पूर्ण जीवन देश के औद्योगिक और सामाजिक विकास को समर्पित था।

****

राज्य में रेल सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में आज झारखंड को दो और ट्रेनों की सौगात मिली। साहिबगंज–हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस का आज से परिचालन शुरू हो गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अगरतला–आनंद विहार तेजस राजधानी एक्सप्रेस के साहिबगंज में ठहराव को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर साहिबगंज स्टेशन पर मालदा के डीआरएम मनीष गुप्ता और विधायक अनंत कुमार ओझा मौजूद थे।

****

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की गो–गो दीदी योजना की लोकप्रियता को देखकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन घबरा गये हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके डराने–धमकाने का प्रभाव भाजपा कार्यकर्ताओं पर नहीं पड़ने वाला है।

****

उधर, झामुमो ने भाजपा की गो–गो दीदी योजना के खिलाफ आपत्ति जतायी है। झामुमो नेता विनोद कुमार पांडेय ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से मिलकर भाजपा की गो–गो दीदी योजना के खिलाफ शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

****

केंद्र सरकार ने रांची में ई.एस.आई.सी के जरिए मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। केंद्रीय श्रम एवं नियोजन मंत्री मनसुख मंडवीय ने नयी दिल्ली में इसकी घोषणा की। रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर केंद्र ने यह मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि रक्षा राज्य मंत्री बनने के बाद संजय सेठ ने मनसुख मांडवीय से मुलाकात कर रांची में ईएसआईसी के अस्पताल को बड़ा रूप देने की जरूरत बतायी थी।

****

देवघर जिले में चालू वित्त वर्ष में अबुआ आवास योजना के तहत 12 हजार 956 आवास स्वीकृत किये गये हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

****

शारदीय नवरात्र की महाष्टमी पर आज मां दुर्गे के महागौरी स्वरूप की अराधना की जा रही है। इधर रांची के डोरंडा स्थित जैप वन में महाष्टमी पर फूल पाती शोभा यात्रा निकाली गई। मान्यता के अनुसार शोभा यात्रा के दौरान छह अलग–अलग स्थानों पर वृक्ष की पूजा होती है। महाष्टमी के दिन मां को

जवानों द्वारा फायरिंग कर सलामी दी जाती है। शोभा यात्रा के दौरान जवानों द्वारा आकर्षक धुन प्रस्तुत की गई।

*****समाप्त************